हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 22 नवंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 12. 0 डिग्री

2 जब तक धरती, सूर्य, चंद्रमा रहेंगे, तब तक होती रहेगी ...



## खबर संक्षेप

### घर बैठे टोकन सुविधा, समितियों में लंबी कतारों से मिलेगी मुक्ति

**जांजगीर-चांपा।** किसानों को धान विक्रय हेतु सुगम एवं बेहतर व्यवस्था प्रदाय किये जाने हेतु खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में तुहर टोकन मोबाइल एप प्रारंभ किया गया है। इस एप के माध्यम से किसानों को घर बैठे धान विक्रय हेतु टोकन की व्यवस्था उपलब्ध होगी, जिससे समितियों में लंबी कतारों से मुक्ति मिलेगी। यह मोबाइल ऐप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। इस ऐप में किसानों को सर्वप्रथम आधार आधारित ओटीपी के माध्यम से पंजीयन करना होगा। किसान प्रतिदिन सुबह 8 बजे से इस ऐप के माध्यम से टोकन हेतु आवेदन कर सकेंगे। धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुविधा को ध्यान में रखते हुए, सीमांत कृषक 2 एकड़ या 2 एकड़ से कम भूमि को अधिकतम 1 टोकन, लघु कृषक 2 से 10 एकड़ तक को अधिकतम 2 टोकन तथा दीर्घ कृषक 10 एकड़ से अधिक को अधिकतम 3 टोकन प्रदान किये जायेंगे। नया टोकन बनाने हेतु समय-सीमा रविवार से शुक्रवार तक प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक निर्धारित की गई है। जारी टोकन आगामी 7 खरीदी दिवसों के लिए मान्य रहेंगे।

### प्रकरणों की सुनवाई महिला आयोग द्वारा 26 को

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक द्वारा 26 नवम्बर को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से जांजगीर-चांपा जिले से प्राप्त शिकायतों पर सुनवाई करेंगी। सभाकक्ष में प्राप्त शिकायतों पर सुनवाई की जाएगी।

### राज्य शासन से हर महीने मिलता है 1 हजार रुपए

# ईकेवायसी नहीं, साढे 14 हजार से अधिक महिलाएं होंगी महतारी वंदन से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राज्य शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना में ईकेवायसी का चक्कर पड़ गया है। दरअसल जिले में साढ़े 14 हजार से अधिक महिलाओं के बैंक खाते का ईकेवायसी नही हुआ है। ऐसे में इन्हें इस योजना के तहत मिलने वाले लाभ से वंचित होना पड़ सकता है।

गौरतलब है कि महतारी वंदन योजना के तहत पात्र महिलाओ को प्रतिमाह 1 हजार रूपए की राशि शासन के द्वारा प्रदान की जाती है। ताकि यह राशि महिलाओ के काम आ सके। वही सालाना 12 हजार की राशि शासन के द्वारा प्रदान की जाती है। विभागीय जानकारी के अनुसार महतारी वंदन योजना के तहत जांजगीर चाम्पा जिले के 2 लाख 83 हजार 700 सौ से भी अधिक महिलाओ को उनके बैंक खातो मे राशि हर महीने भेजी जा रही है। वही कई महिलाए अपने बैंक खातो के ईकेवायसी कराने को लेकर गंभीर तक नही है। स्थिती यह है कि 2 लाख 69 हजार महिलाओ ने अपने बैंक खातो का ईकेवायसी तो करा लिया है लेकिन अभी भी 14 हजार 700 सौ से अधिक महिलाओ ने ईकेवायसी तक नही कराया है। जिसके कारण महिलाए महतारी वंदन योजना के लाभ से वंचित रह सकते है। ऐसे में इन महिलाओ की परेशानी बढ सकती है। महतारी वंदन योजना के तहत गरीब एवं पात्र महिलाओ को शासन के द्वारा उनके बैंक खातो में राशि जमा की जाती है। महतारी वंदन योजना के तहत बलौदा, पामगढ, अकलतरा, बम्हनीडीह एवं नवागढ क्षेत्र के महिलाओ को राशि प्रदान की जाति है। ईकेवायसी कराने के लिए महिलाओ का आधार कार्ड, बैंक खाता, मोबाइल नंबर एवं पासपोर्ट साइज की फोटो बैंक में जाकर देना पडता है। इसके बाद बैंक के कर्मचारी पूरी जानकारी कम्प्यूटर मे अपलोड करते है। इसके बाद ईकेवायसी की प्रक्रिया पूरी हो पाती है। विभागीय जानकारी के अनुसार महतारी वंदन योजना के तहत जांजगीर चाम्पा जिले के 2 लाख 83 हजार 700 सौ से भी अधिक महिलाओ को उनके बैंक खातो मे में राशि हर महीने भेजी जा रही है। वही कई महिलाए अपने बैंक खातो के ईकेवायसी कराने को लेकर गंभीर तक नही है। महतारी वंदन योजना में ईकेवायसी कराना अनिवार्य हो गया है। जिले में साढ़े 14 हजार से अधिक महिलाओं के बैंक खाते का ईकेवायसी नही हुआ है। ऐसे में इन्हें इस योजना के तहत मिलने वाले लाभ से वंचित होना पड़ सकता है। महतारी वंदन योजना के तहत बडे पैमाने पर निर्धारित पात्रता रखने वाले महिलाओं को प्रति महीने 1 हजार एवं सालाना 12 हजार रुपए की राशि शासन द्वारा प्रदान की जाती है। ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर हो सके। हालांकि कई महिलाएं जो निर्धारित पात्रता नहीं रख पा रही है। उन्हें योजना के लाभ से वंचित होना पड रहा है।

### 4 हजार 7 सौ खाता किया होल्ड

महतारी वंदन योजना के तहत जांजगीर चाम्पा जिले के 2 लाख 83 हजार से अधिक महिलाओ को उनके बैंक खातो में शासन के द्वारा राशि प्रदान की जाती है। जांच के दौरान टीम को जानकारी मिली की योजना का लाभ लेने वाली कई महिलाओ की मृत्यु, कई महिलाए अपात्र पाई गई। ऐसे करीब 4 हजार 737 महिलाओ के बैंक खाते होल्ड किए गए है। जिसके कारण इन महिलाओ को महतारी वंदन योजना का लाभ पाने के लिए महरूम होना पड सकता है। कई महिलाए तो दिगर प्रांतो में जाकर काम कर रही है। वही अपने बैंक खातो का ना ही अपडेट एवं ईकेवायसी कराए है। ऐसे मे महिलाओ को योजना का लाभ नही मिल पा रहा है। जांजगीर चाम्पा जिले मे बडे पैमाने पर महिलाओ के द्वारा रोजी रोटी की तलाश में हर साल जम्मू कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, आगरा, राजस्थान, हैदराबाद सहित अन्य राज्यो की ओर बडे पैमाने पर पलायन कर जाते है। जिसके कारण भी कई महिलाओ को महतारी वंदन योजना का लाभ नही मिल पा रहा है।

### ईकेवायसी कराना जरूरी

महतारी वंदन योजना के तहत पात्र महिलाओ को योजना का लाभ दिया जा रहा है। 14 हजार से अधिक महिलाओ ने ईकेवायसी नही कराया है। इस बारे मे आदेशित किया गया है। ईकेवायसी नही कराने पर योजना के लाभ से बाहर हो सकते है।

**-श्रीमति अनिता अग्रवाल,**
महिला एवं बाल विकास अधिकारी

# सीजी पीएससी में जिले के होनहार युवाओं ने मारी बाजी, बने अफसर

### कोई पहले ही तो किसी ने दूसरे व तीसरे प्रयास में पाई सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा


आर्यन राठौर


रोशन देवांगन


रोशन ओग्रे

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी किए गए 2024 के परिणाम में जिले के होनहार युवाओं ने सफलता अर्जित की है। रैंक के आधार पर वे शीघ्र अफसर की कुर्सी संभालेंगे।

सीजीपीएससी द्वारा गुरूवार 20 नवंबर की रात्रि में परिणाम जारी किया गया। इसके अनुसार जांजगीर चांपा जिले के बम्हनीडीह ब्लाक अंतर्गत ग्राम करनौद के होनहार युवा रोशन देवांगन ने 33वां रैंक हासिल करके अधिकारी का पद हासिल किया है। रोशन के पिता सीताराम साधारण कृषक है और उनकी माता गृहणी है। रोशन ने सरस्वती शिशु मंदिर से अपनी पढ़ाई की है। 12वीं बोर्ड में वे पूरे प्रदेश में चौथे स्थान पर रहे। वे शुरू से प्रतियोगी परीक्षा के साथ पीएससी की तैयारी में जुटे रहे। इसी प्रकार सारागांव निवासी आर्यन राठौर ने 51वां रैंक प्राप्त किया है। उनका चयन महिला एवं बाल विकास विभाग में परियोजना अधिकारी के पद पर हुआ है। उनके पिता कृष्ण कुमार राठौर नोटरी और मां सीता राठौर शिक्षिका है। पढ़ाई में शुरू से मेधावी छात्र रहे आर्यन ने प्रतिदिन 7 से 8 घंटे पढ़ाई की। उन्हें दूसरे प्रयास में यह सफलता हासिल हुई है। इसी प्रकार पामगढ़ के रोशन ओग्रे पिता सुखसागर ओग्रे ने सीजीपीएससी में सफलता प्राप्त की है। रोशन वर्तमान में इलेक्ट्रिकल इंजीनियर है और वे बिलासपुर में रहकर पीएससी की तैयारी कर रहे थे। उनके पिता सामान्य कृषक है और माता गृहणी है। रोशन ने तीसरे प्रयास में सफलता हासिल की है। इसके पहले वे दो बार प्री एवं मेन्स क्लीयर करके साक्षात्कार तक पहुंच चुके थे। अबकी बार तीसरी मर्तबे में उन्होंने 138 वां रैंक के साथ सफलता प्राप्त की है।

# मवेशी तस्करों पर पुलिस की कार्रवाई, 11 बैल बरामद

**जांजगीर-चांपा।** मवेशी तस्करों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 11 बैल को बरामद किया है। साथ ही मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला मुलमुला थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जेवरा मार्ग पर 20 नवंबर की सुबहतीन आरोपियों को 11 बैलों को मारते-पीटते पैदल हांकते हुए पकड़ा गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस विजय कुमार पाण्डेय अधीक्षक के निर्देशन में तत्काल कार्रवाई करते हुए मुलमुला पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और बैलों के साथ आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे बैलों को गिधौरी क्षेत्र की ओर ले जा रहे थे। कार्रवाई में आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 तथा पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में मेलाराम यादव उम्र 27 वर्ष, बिरेंद्र उर्फ नरेन्द्र कुमार यादव उम्र 21 वर्ष दोनों निवासी बोरसी और मुकेश कुमार मनहर उम्र 24 वर्ष निवासी खोरसी शामिल हैं। कार्रवाई में उपनिरीक्षक पारस पटेल, सउनि फूलेश्वर सिदार, प्रमोद महार, प्रधान अरक्षक राजमणी द्विवेदी तथा आरक्षक मनभावन पटेल और हेमंत खरे का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
भाग्यशाली विजेताओं के नाम
प्रथम पुरस्कार - (1 तोला, 5 नग) सोने का हार
01. सुशीला पति स्व. श्री दीनबंधू , पता- बैगाटोला ईटार, खैरागढ़ (छ.ग.),
02. बिमला बाई साहू, पति श्री राम आसरा साहू, पता – आबादी पारा खपरी , धमतरी (छ.ग.),
03. हेमकांति गौतम पिता – स्व. श्री त्रिलोचन विश्वकर्मा, पता – रायपुर (छ.ग.)
04. साक्षी निषाद पिता – श्री प्रकाश निषाद, पता – शंकर नगर हाउस न. 455 धांगरडीपा रायगढ़ (छ.ग.)
05. प्रीती पति श्री रामचरण, पता – ग्राम किरना पोस्ट पंडरभाटा मुंगेली (छ.ग.),
द्वितीय पुरस्कार - (1 स्कूटी, EV)
उमा साहू पिता श्री जगन्नाथ साहू
पता – हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी , जगदलपुर बस्तर (छ.ग.),
तृतीय पुरस्कार - (2 नग, रेफ्रीजरेटर)
01. प्रीतम कुमार साहू पिता स्व. श्री कुम्भकरण साहू
पता – मोहदी धरसीवां रायपुर (छ.ग.)
02. निधि अग्रवाल पिता – श्री रतन अग्रवाल
पता लाल कुंआ हनुमान ताल जबलपुर (म.प्र.)
चतुर्थ पुरस्कार - (3 नग, LED TV)
01. कौशल दास मानिकपुरी पिता – हीरा दास मानिकपुरी, पता - शंकर नगर दुर्ग (छ.ग.)
02. चित्रलेखा महंत पति शंकर दास महंत, पता – नीचे मोहल्ला बेलाकछार बालको नगर कोरबा (छ.ग.)
03. सुखदेव पाटिल पिता स्व. श्री नत्थू पाटिल, पता न्यू बाग़ मुगलिया भोपाल (म.प्र.)
नियम शर्तें लागू*
1. भाग्यशाली पाठक कों अपना पहचान पत्र के साथ अखबार का वर्तमान मासिक बिल एवं जमा किये गए फार्मेट का ग्राहक प्रति लाना अनिवार्य हैं। 2. राज्य एवं केन्द्र सरकार की सभी नियम लागू होगा। 3. इस योजना के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्ते मान्य होगा। 4. हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। 5. किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। 6. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ॥
ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ॥
अंतिम अरदास



सतवंत कौर भाटिया
(1954-2025)
अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि सतवंत कौर भाटिया धर्मपत्नि स. महेन्द्र सिंह भाटिया का स्वर्गवास दिनांक 19 नवंबर 2025 को हो गया है। आत्मिक शांति के लिए रखाए गये श्री अखंड पाठ साहिब जी की समाप्ति 23 नवंबर 2025 दिन रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर में सुबह 10:00 बजे होगी।
कीर्तन एवं अंतिम अरदास
23 नवंबर 2025 सुबह 11:30 से 01:00 बजे दोपहर
गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर छ.ग. (गुरु का लंगर-01:30 बजे पूर्ण समाप्ति उपरांत)
(सुबह की बैठक 10:00 से 11:00 बजे गुरूनानक नगर गुरूद्वारा हॉल रायपुर)
शोकाकुल परिवार :-महेन्द्र सिंह भाटिया (पति)
अमोलक सिंह भाटिया, गुरमीत सिंह भाटिया, इंद्रपाल सिंह भाटिया
कुलवंत कौर भाटिया (पत्नी स्व. सुरजीत सिंह भाटिया),
सतविंदर सिंह भाटिया (टिवकंल), जगदीप कौर भाटिया (रज्जी)
संदीप सिंह भाटिया-अवनीत कौर भाटिया (रैनी) (पुत्र-पुत्रवधु)
मंदीप सिंह भाटिया-रानी भाटिया (रायपुर), मनिंदर सिंह भाटिया-मीनी भाटिया (गोंदिया) (दामाद-पुत्री)
समस्त भाटिया परिवार (बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, रायपुर)
नोट : जिस किसी भी स्नेहीजन को सूचना न मिली हो इसे ही सूचना जाने।
J.J.Ad

## खबर संक्षेप

### इंदिरा गांधी ने देश के विकास में दिया महत्वपूर्ण योगदान



**अकलतरा।** देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 108 वी जयंती नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा रेस्ट हाउस परिसर में मनाई गई। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह राणा ने कहा कि इंदिरा गांधी का जन्म 19 नवंबर 1917 को हुआ था। इंदिरा गांधी सन 1966 में देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री नियुक्त होने के साथ देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश्वर टंडन ने कहा कि इंदिरा गांधी को आयरन लेडी के नाम से जाना जाता था। प्रधानमंत्री के रूप में देश में चार बार अपनी सेवाएं देने के साथ देश में अनेक विकास कार्य करवाने के साथ भारत देश का नाम पूरे विश्व में ऊंचा किया। कार्यक्रम को भविष्य चंद्राकर, संतोष सिंह बैस अंकित सिंह सिसोदिया एवं अविनाश साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मनोज अग्रवाल, इरशाद बाबा, अब्दुल मोईद, पार्षद विजय खांडेल, राजकुमार सिंह, छतराम साहू, एफाज मेमन, सब्बीर खान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### धान खरीदी केंद्र तनौद में छठवें दिन हुई बोहनी, 15 क्विंटल धान की खरीदी



**तनौद।** तनौद धान खरीदी केंद्र में तनौद में छठवें दिन धान खरीदी की बोहनी हुई। गीता बोहरिक बंजारे से 15 क्विंटल धान की खरीदी की गई। सेवा सहकारी समिति तनौद के मुख्य आतिथ्य सत्यलता आंनद मिरी जिला पंचायत अध्यक्ष, प्रमिला अजय साहू जिला पंचायत सभापति,सेवा सहकारी समिति तनौद के प्राधिकृत व भाजपा नेता रामहरि साहू ,रंजनी महावीर सरपंच ग्राम पंचायत तनौद समिति नोडल एस.के.पुरी एवं लालजी श्रीवास वरिष्ठ भाजपा नेता,मोति सिंह कंवर गनेश्वर साहू की उपस्थिति में पूजा-अर्चना व धान का तौल कर खरीदी का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबंध करते हुए सत्यलता आंनद मिरी जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों की स्थिति को बेहतर एवं सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। खरीदी केंद्र प्रभारी व संस्था प्रबंधन शिवप्रसाद पटेल ने बताया कि किसानों से मोटा, महामाया एवं सरना ,एचएमटी व आईआर छत्तीस समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाएगी। किसान धान बेचने के पूर्व धान की नमी की जांच करने के साथ टोकन लेने के बाद ही धान बेचने के लिए धान खरीदी केंद्र में आए। इस दौरान उपस्थित अतिथियों के द्वारा किसान श्रीमती गीता बोहरिक बंजारे को पुष्पहार पहनाकर व श्रीफल शाल भेंट कर उनका स्वागत किया गया। सेवा सहकारी समिति तनौद प्राधिकृत अधिकारी रामहरि साहू ने आये हुए किसानों को भगवा गमक्षा भेंट सम्मानित किया ग्रंथ साहू ,धरम लाल, दीपक साहू, जनपद सदस्य,लतेल अर्जुन साहू आपरेटर,आशुतोष, रामजी साहू,टंडन उपस्थित थे।

### पुलिस लाइन में निःशुल्क मेगा कैम्प का आयोजन कल

**जांजगीर-चांपा।** पुलिस लाइन जांजगीर में निःशुल्क स्वास्थ्य मेगा कैम्प का आयोजन 23 नवंबर को होगा। इस कैम्प में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण और विभिन्न तरह की बीमारियों की जांच की जाएगी। शिविर सुबह 9 बजें से 2 बजें तक आयोजित होगा। इस स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर लोकेंद्र कश्यप, डॉक्टर प्रियंका देशमुख, डॉ प्रफुल्ल चौहान, डॉ वसुंधरा कश्यप, डॉ अतीक सिद्धिकी, डॉ गुफलासा सिद्धिकी, डॉ पारुल राठौर,डॉ पुष्पेंद्र पटेल, डॉक्टर निकिता सिंह और डॉक्टर ऋतुराज सिंह अपनी सेवाएं देंगे।

## निधन

### संजू तिवारी



**चांपा।** स्थानीय ब्राम्हण समाज के प्रतिष्ठित नागरिक रेलवे स्टेशन के सामने निवासी स्व. तुलसी तिवारी के कनिष्ठ पुत्र संजू तिवारी का गुरुवार 20 नवंबर को असामयिक निधन हो गया। वे 55 वर्ष के थे। स्व. तिवारी अपने पीछे पत्नी समेत एक पुत्र का परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 21 नवंबर को दोपहर 12 बजे हसदेव बेरियर के पास पी.आई.एल बाइपास मार्ग स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं के अलावा गण्मान्य नागरिक मौजूद थे। मुखाग्निक पुत्र अक्षत तिवारी ने दी।

### कामरेड दशरथ बरेठ



**सक्ती।** नगर के झूलकदम निवासी कामरेड दशरथ बरेठ का आकस्मिक निधन हो गया। वे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी शाखा सक्ती के लम्बे समय से सचिव थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए हैं। वे चमन बरेठ के पिता और कोमल बरेठ के बड़े भाई थे। उनके अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

छात्र-छात्राओं, युवा पीढ़ी एवं जिलेवासियो से की तीन सार्थक अपील

# जिले की प्रतीकात्मक कलेक्टर बनी कक्षा 11वीं की छात्रा दीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

विश्व बाल दिवस पर कक्षा 11वीं की कु. दीक्षा सारथी प्रतीकात्मक कलेक्टर बनीं। उन्होंने छात्र-छात्राओं, युवा पीढ़ी एवं जिलेवासियो से तीन सार्थक अपील की। दीक्षा ने महीने में एक दिन बिना मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट-किताबों, लाइब्रेरी और स्पोर्ट्स से जुड़ने अपील की। साथ ही प्लास्टिक मुक्त जिला और एक पेड़ मां के नाम अभियान को जन-आंदोलन बनाने एवं लगाये गए पौधों के देखरेख का आह्वान किया।

विश्व बाल दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ज्ञान मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागढ़ के कक्षा 11वीं की छात्रा कु.दीक्षा सारथी को 15 मिनट के लिए कलेक्टर जन्मेजय महोबे द्वारा प्रतीकात्मक कलेक्टर की जिम्मेदारी सौंपी गई। कु.दीक्षा ने छात्र-छात्राओं, युवा पीढ़ी एवं जिलेवासियो से तीन महत्वपूर्ण सुझाव रखे, जिनकी सभी अधिकारियों और उपस्थितजनों ने सराहना की। कु.दीक्षा ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी मोबाइल और स्क्रीन के अधिक उपयोग से मानसिक थकान और परिवार से दूरी का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि महीने में एक दिन पूरी तरह स्क्रीन-फ्री डे मनाएं, इस दौरान लाइब्रेरी जाएं, प्रेरणादायी किताबें पढ़ें, खेलकूद और आउटडोर गतिविधियों में भाग लें माता-पिता, दादा-दादी और परिवार के साथ समय बिताएं। उन्होंने कहा



कलेक्टर की कुर्सी पर बैठी दीक्षा एवं दूसरे कुर्सी पर बैठे कलेक्टर जन्मेजय महोबे।

कि यह पहल मानसिक स्वास्थ्य, सकारात्मक सोच और एकाग्रता बढ़ाने में बेहद मददगार होगी। कु. दीक्षा ने जिले को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए सभी नागरिकों से सहयोग मांगा।

उन्होंने अपील की कि बाजार जाते समय हमेशा कपड़े, जूट या कागज का थैला साथ रखें। सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद करें। उन्होंने कहा कि हर नागरिक की छोटी पहल मिलकर एक बड़े बदलाव का रूप ले सकती है। कु. दीक्षा ने कहा कि हर नागरिक अपनी माँ के नाम पर एक पौधा लगाए और उसके संरक्षण का संकल्प ले। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष कम से कम एक पौधा माँ के नाम से लगाएं तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करें एवं अधिक हरियाली बढ़ाने के लिए साथियों को भी प्रेरित करें। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने दीक्षा सारथी की सोच और नेतृत्व क्षमता की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बच्चों की सृजनात्मक सोच समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की सबसे बड़ी ताकत है। कलेक्टर ने सभी बच्चों को विश्व बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर यूनिसेफ के जिला समन्वयक विनोद साहू, यूवोदय हसदेव के हीरो वालिंटियर्स सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जन्मेजय महोबे ने शुक्रवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि 4 दिसम्बर तक समस्त गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण किया जाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि टीम वर्क के साथ मिशन मोड में सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण करें। कलेक्टर ने कहा कि एसआईआर कार्य को गंभीरता से लेते हुए प्रत्येक स्तर पर गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान उन्होंने सभी एसडीएम से प्रगति रिपोर्ट एवं कार्ययोजना की विस्तार से जानकारी भी ली। कलेक्टर ने डिजिटाइजेशन में प्रगति लाने हेतु तहसील स्तर पर 10-12 बीएलओ का क्लस्टर बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्रीय निगरानी और सुपरविजन और प्रभावी हो सके। उन्होंने उपस्थित बीएलओ से फील्ड में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी ली और उनके त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए। बैठक के दौरान बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ की प्रशंसा की गई। कलेक्टर ने उनके अनुभव और कार्यशैली को अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि एसआईआर कार्य जिले की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, जिसे सभी मिलकर सफल बनाएं। कलेक्टर ने एसआईआर कार्य में स्वयंसेवियों, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक से भी सहयोग लेने के निर्देश दिए।



# यातायात सुरक्षा बेहतर बनाने ट्रैफिक सिग्नल लाइट प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

यातायात सुरक्षा बेहतर बनाने के लिए जांजगीर मुख्यालय के कचहरी चौक में ट्रैफिक सिग्नल लाइट का शुभारंभ किया गया।

गुरुवार को यातायात पुलिस द्वारा जांजगीर मुख्यालय कचहरी चौक, नेता जी चौक में ट्रैफिक सिग्नल लगाया गया, जिसका शुभारंभ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार द्वारा किया गया। यह एक ऐसा उपकरण है जो सड़क के चौराहों पर यातायात को नियंत्रित करता है, और नियमों का पालन करवाने के लिए लाल, पीली और हरी बत्तियों का उपयोग करता। लाल बत्ती का मतलब है कि आपको तुरंत रुक जाना चाहिए। स्टॉप लाइन, क्रॉसवॉक या चौराहे से पहले पूरी तरह से रुकना ज़रूरी है। पीली बत्ती का मतलब है कि बत्ती जल्द ही लाल होने वाली है, इसलिए आपको रुकने के लिए तैयार रहना चाहिए, जब तक कि आप इतनी तेज़ी से चौराहे के पास न हों कि सुरक्षित रूप से रुक न सकें। हरी बत्ती का मतलब है कि आप सुरक्षित रूप से चौराहे से आगे बढ़ सकते हैं, मुड़ सकते हैं या अपनी यात्रा जारी रख सकते हैं। लाल तीर लाल बत्ती की तरह ही काम करता है, लेकिन यह एक विशिष्ट दिशा (जैसे बाएं या दाएं) के लिए होता है। इसका मतलब है कि उस दिशा में जाना प्रतिबंधित है। ट्रैफिक सिग्नल शुभारंभ अवसर पर समाज सेवक असीम धरदीवान, अनुराग टिंकू शुक्ला, विक्की सिंह, शैल राठौर, उदय पाण्डेय, आर्यन सिंह, प्रकाश उपाध्याय, भोला राठौर, पप्पू शिवा, जिले के एनसीसी आफिसर दिनेश चतुर्वेदी एवं एनसीसीसी के छात्रगण उपस्थित रहे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात ट्रैफिक सिग्नल लाइट के बारे में जानकारी साझा किया। यातायात पुलिस ने लोगों से कहा कि यह सुविधा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के लिए ट्रैफिक सिग्नल लाइट लगाया गया है। अभी प्रारंभ में लोगो को समझाइश दी जा रही है कुछ दिनों पश्चात ट्रैफिक सिग्नल का उल्लंघन करते पाए जाने पर वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

■ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात ने सिग्नल के बारे में दी जानकारी

### सरस्वती सायकल योजना से छात्राओं में बढ़ेगी आत्मनिर्भरता



**राहौद।** नगर के हाई-स्कूल परिसर में 18 नवंबर को सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा 9वीं की अध्ययनरत छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा कश्यप रहे। नपं अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा कश्यप ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सरस्वती साइकिल योजना से छात्राओं में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी तथा उनकी शिक्षा में निरंतरता बनी रहेगी। उन्होंने सभी छात्राओं को नियमित अध्ययन करने एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला विकाश समिति के अध्यक्ष श्री धनंजय सिंह ठाकुर ने की उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह योजना छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने और उन्हें विद्यालय आने–जाने में सुविधा प्रदान करने हेतु एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य पी. एल. कौशिक शिक्षक–शिक्षिकाएं, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य पार्षद श्रीमती अवंतिका गुप्ता,विकाश अग्रवाल, डॉ सुनील गुप्ता तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## श्रीराम की जिन्दगी हमे मर्यादित जीवन जीने देती है सीख : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ के लोग मूलतः सीधे और सरल होते है और सादा जीवन व्यतित करने मे विश्वास रखते है,

■ कहरापारा में आयोजित अखंड नवधा रामायण मानस यज्ञ में शामिल भाजपा नेता

इसलिए सरलता के प्रतीक भगवान मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम के नाम पर अखंड नवधा रामायण का आयोजन पूरे देश में सर्वाधिक छत्तीसगढ़ राज्य के लगभग सभी गांवों मे अखंड यज्ञ के रूप में मनाया जाता है।

उक्त बातें जांजगीर बस्ती कहरापारा में श्री अखंड नवधा रामायण मानस यज्ञ के अवसर पर इंजीनियर रवि पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा। उन्होंने आगे कहा भगवान मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम की जिन्दगी से हमे ये प्रेरणा मिलती है जो हमे मर्यादित जीवन जीने का सीख देती है। जिससे हमे अपनी जिन्दगी संवारने मे आसानी होगी, पूरी जिन्दगी भगवान श्रीराम का संघर्ष हमें आत्म बल की सीख देता है। उन्होंने उपस्थित जन समुदाय से नवधा रामायण का श्रवण करते हुए सामाजिक सद्भाव को सुदृढ़ करने का आह्वान किया। नवधा रामायण मे मुख्य संचालक पुनीलाल कटकवार, लालजी कहरा, जीतराम कहरा, पुनीराम, रामशरण कहरा एवं नवधा रामायण के अध्यक्ष ओमप्रकाश कटकवार, उपाध्यक्ष सूर्यकुमार कहरा, कोषाध्यक्ष नम्मू नारायण कटकवार, सहकोषाध्यक्ष शिव, सचिव दीपक सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण एवं आसपास के लोग उपस्थित थे।




मानस गायन करते इंजी रवि पांडेय।

### नदी का जल स्तर कम होने के बाद बोरसी में धड़ल्ले से हो रहा रेत का अवैध उत्खनन

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम बोरसी में पानी का जलस्तर कम होने के कारण रेत माफिया के द्वारा हसदेव नदी में माउंटेन चैन से खुलेआम रेत का अवैध कारोबार धड़ल्ले से किया जा रहा है। रेत के अवैध कारोबार करने वाले फल फूल रहे है। वहीं इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है। खनिज विभाग के कार्यवाही नहीं करने से रेत माफिया के हौसला बुलंद दिखाई दे रहा है। सड़क में हर रोज टेक्टर में रेत का कारोबार करके सड़क में मौत बन कर दौड़ रहे हैं। वहीं किसानों के द्वारा कृषि कार्य करने के लिए टेक्टर खरीदा जाता है, परन्तु किसान अपने टेक्टर को कमाई के चक्कर में कृषि के बजाए व्यवसाय के लिए भी लगा दिया जा रहा है। हसदेव नदी में बोरसी,महानदी में बंसतपुर, किकिरदा और करही मे भी रेत अवैध खनन का कारोबार बैखौफ होकर धड़ल्ले से किया जा रहा है। रेत माफिया द्वारा नदी में रेत का अवैध रुप से उत्खनन एवं परिवहन धड़ल्ले से अंजाम दिया जा रहा है। ट्रैक्टर को गैर कार्य में किसान अपने टेक्टर को कृषि कार्य के लिए निकाला जाता है परन्तु किसान ने कमाई के चक्कर में अपने ट्रेक्टर को गैर कार्य में लगाया जा रहा है।

## एक लाख से अधिक किसानों के खाते में पहुंचे 23.78 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ कृषि विज्ञान केंद्र में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

जिले में बुधवार 19 नवंबर को कृषि विज्ञान केंद्र में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी किए जाने का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दक्षिण भारत प्राकृतिक खेती समिट के उद्घाटन अवसर पर किस्त जारी करने का सीधा प्रसारण भी देखा गया।जिले के 1,18,879 किसानों के खातों में कुल 23.78 करोड़ रुपये की सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। कार्यक्रम का आयोजन कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग, जैव प्रौद्योगिकी विभाग तथा कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने देशभर के किसानों के लिए 18 हजार करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की।कृषि विभाग के उप संचालक ललित मोहन भगत ने रबी सीजन में दलहन और तिलहन फसलों के रकबे में विस्तार पर जोर देते हुए मिट्टी परीक्षण के महत्व की जानकारी दी।कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ. के. डी. महंत ने किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभ, जीवामृत एवं बीजामृत बनाने की विधि और उनके उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में 232 किसान और जनप्रतिनिधि शामिल हुए, जबकि विकासखंड स्तर पर 552 किसानों सहित कुल 784 किसानों ने कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। साथ ही जिले के ग्रामीण क्षेत्रों और कृषि उपज मंडी समितियों में भी प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



पीएम के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखते किसान।

## एसआई आर के संबंध में नगर कॉंग्रेस की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एसआईआर के संबंध में विश्राम गृह सक्ती में 20 नवंबर को बैठक आहुत की गई है जिसमें एसआईआर के संबंध में चर्चा किया गया तथा उपस्थित समस्त बीएलए एवं बुथ प्रभारियो को शक्ति विधानसभा के मुख्य एसआईआर ट्रेनर अधिवक्ता राकेश महंत ने बैठक में एस आई आर के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया।

सभी बीएलए एवं बक्षूथ प्रभारियो को अपने क्षेत्र के बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर अपने क्षेत्र के मतदाताओं के फॉर्म शीघ्र भराने तथा मतदाताओं को आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया। किसी भी मतदाता का नाम तथा नए मतदाता का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने से न छूटे । इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अधिवक्ता दिगंबर प्रसाद चौबे, शक्ति नगर एस आई आर मंडल प्रभारी लाला सोनी, गिरधर जायसवाल, महबूब खान, मनोज जायसवाल, अलका जायसवाल, पीयूष राय, कांग्रेस के पाषर्दगण, सभी मंडल अध्यक्ष गण एवं सभी वार्ड के बीएलए बूथ प्रभारी एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।



बैठक में चर्चा करते कांग्रेस के पदाधिकारी।

नए एसपी का सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक संगठनों ने किया अभिनंदन

# पुलिस का उद्देश्य भय नहीं, विश्वास और सुरक्षा प्रदान करना : ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

शहर के हटरी धर्मशाला में गुरुवार 20 नवंबर को नगर पालिका परिषद सक्ती के अध्यक्ष एवं अग्रवाल सभा सक्ती के अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल द्वारा जिले के नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक आईपीएस प्रफुल्ल ठाकुर का भव्य नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

स्वागत भाषण में नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने कहा कि जिले के नए पुलिस अधीक्षक का अभिनंदन उनके लिए सौभाग्य की बात है। उनकी कार्यशैली और प्रतिबद्धता से जिले की कानून व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि नए एसपी से जिले को बेहतर पुलिसिंग और सुरक्षा की उम्मीद है। एसपी प्रफुल्ल ठाकुर ने कहा कि कोई भी आम नागरिक बिना झिझक मुझे फोन कर सकता है। यदि किसी समय मैं फोन नहीं उठा पाऊंगा, तो कॉल बैक अवश्य करूंगा। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य भय नहीं, विश्वास और सुरक्षा प्रदान करना है। सुरक्षा जागरूकता, सीसीटीवी लगाने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने की अपील भी की। एडिशनल एसपी हरीश यादव ने कहा कि जिस तरह हमें अपने आप पता चल जाता है कि बरसात चली गई और ठंड आ गई, ठीक वैसे ही हमारे पुलिस कप्तान के कार्य करने का तरीका बताता है कि जिला शांत और सुरक्षित है। जब जिला शांत है, समझ लीजिए कि हमारे एसपी साहब अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल ने छत्तीसगढ़ी में कहा कि नए एसपी संवेदनशील और जनहितैषी अधिकारी हैं। मंच पर दिनेश शर्मा, मुकेश बंसल, पं. पंकज उमरलिया, त्रिलोकचंद जायसवाल सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कन्हैया गोयल एवं आभार प्रदर्शन पत्रकार राहुल अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम के अंत में नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने एसपी प्रफुल्ल ठाकुर, एएसपी हरीश यादव और टीआई लखन पटेल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कन्हैया गोयल, राहुल अग्रवाल, प्रियंका, कालू रघुनाथ अग्रवाल, मोनू अग्रवाल, सोनू कुरैशी, राजू अग्रवाल तथा सक्ती की आन–बान–शान ग्रुप'का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



नव पदस्थ एसपी प्रफुल्ल ठाकुर को गुलदस्ता भेंटकर स्वागत करते पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल।

